Age was not clear from judgment but woman was married	10	13.75	6 years
TOTAL	73	100.00	

गए अपराध से अधिक गम्भीर है क्योंकि अविवाहित स्त्री के साथ बलात्कार के उपरान्त उसके विवाहित जीवन की सम्भावनाएं क्षीण हो जाती हैं तथा समाज में उसे हेय दृष्टि से देखा जाने लगता है। पीड़ित महिला शारीरिक व मानसिक दोनों ही स्तर पर त्रासदी झेलती है, अतः विवाहित महिलाओं की अपेक्षा अविवाहित महिलाओं से किए गए अपराध में दण्ड की मात्रा तुलनात्मक दृष्टि से अधिक होनी चाहिए।

(ग) अभियोक्त्री की आयु तथा दण्ड

(i) पीड़ित महिला की आयु के संदर्भ में मामलों की संख्या तथा औसत दण्ड निम्न तालिका में दिया गया है :-

पीड़ित महिला की आयु	मामलों की संख्या	प्रतिशत	औसत दण्ड
0-7	05	06·84	8 वर्ष
7-12	12	16·43	6 वर्ष
12-16	13	17·80	6 वर्ष
16-18	12	18·43	8 वर्ष
18-21	18	24·65	7 वर्ष
21-35	03	04·10	5 वर्ष
मामले, जिनमें आयु स्पष्ट न थी परन्तु, महिला विवाहित थी	10	13·75	6 वर्ष
योग-	73	100·00	

iii) It is clear from the study that the age of victim was 7 years in 5 cases, 7 to 12 years in 12 cases, 12 to 16 years in 13 cases, 16 to 18 years in 12 cases, 18 to 21 years in 18 cases and 21 to 35 years in 3 cases. Age of victim was not clearly mentioned in 10 cases but they were married women.

(iii) Age of prosecutrix was 7 years in 6.84 percent cases while 7 to 12 years in 16.43, 12 to 16 years in 17.60, 12 to 16 years in 17.80, 16 to 18 years in 16.43, 18 to 21 years in 24.55 and 21 to 35 years in 4.10 percent of cases. This study shows that is one fourth cases the age of prosecutrix was between 18 to 21 years.

(iv) An analysis of sentence vis-a-vis age of the prosecutrix shows that the average sentence was 8 years in cases of age upto 7 years, 6 years in cases of 7 to 12 years, 6 years in 12 to 16 years, 8 years in 16 to 18 years, 7 years in 18 to 21 years, and 5 years in cases of age between 21 to 35 years. Different courts have imposed the maximum punishment in cases where the age of prosecutrix was upto 7 years or between 16 to 18 years, which fact is also clear from the attached graph. Minimum sentence of 5 years was imposed in cases where the age of prosecutrix was between 21 to 35 years. Sentence of 6 years was imposed in cases where the age of prosecutrix was between 7 to 12 and 12 to 16 years while 7 years of sentence was passed in cases where the age of prosecutrix was 18 to 21 years. The average sentence comes to 6.52 years.

(v) Above analysis clearly shows that the age of

(III) बलात्कार से पीड़ित महिला की आयु के संबंध में अध्ययन करने से यह ज्ञात हुआ है कि 5 मामलों में 7 वर्ष, 12 मामलों में 7 से 12 वर्ष, 13 मामलों में 12 से 16 वर्ष, 12 मामलों में 16 से 18 वर्ष, 18 मामलों में 18 से 21 वर्ष तथा 3 मामलों में 21 वर्ष से 35 वर्ष तक की आयु की महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए हैं। 10 मामलों में पीड़ित महिला (अभियोक्त्री) की आयु, निर्णय में अंकित नहीं थी, परन्तु वे विवाहित महिलाएं थीं।

(IV) 7 वर्ष तक की आयु के 6·84, 7 से 12 वर्ष तक की आयु के 16·43, 12 से 16 वर्ष तक की आयु के 17·60, 12 से 16 वर्ष तक की आयु के 17·80, 16 से 18 वर्ष तक की आयु के 16·43, 18 से 21 वर्ष तक की आयु के 24·55 तथा 21 से 35 वर्ष तक की आयु के बीच के 4·10 प्रतिशत मामले थे। इस विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि लगभग एक चौथाई मामलों, जिनमें दोषसिद्ध में दण्डादेश किया गया है, में अभियोक्त्री की आयु 18 से 21 वर्ष के बीच थी।

(V) अभियोक्त्री की आयु के अनुसार दण्डादेश के विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सात वर्ष तक की आयु के मामलों में औसत दण्ड 8 वर्ष, 7 से 12 वर्ष तक आयु के मामलों में 6 वर्ष, 12 से 16 वर्ष तक की आयु के मामलों में 6 वर्ष, 16 से 18 वर्ष तक की आयु के मामलों में 8 वर्ष, 18 से 21 वर्ष तक की आयु में 7 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तक की आयु के मामलों में 5 वर्ष तक का था। विभिन्न न्यायालयों द्वारा औसत रूप में अधिकतम दण्ड उन मामलों में दिया गया है जिनमें अभियोक्त्री की आयु 7 वर्ष तक अथवा 16 से 18 वर्ष के मध्य थी। संलग्न ग्राफ से भी यह तथ्य स्पष्ट होता है। न्यूनतम दण्ड 5 वर्ष, 21 से 35 वर्ष तक की अभियोक्त्री के मामले में अधिरोपित किया गया है। 7 से 12 एवं 12 से 16 वर्ष तक की आयु की अभियोक्त्री के मामलों में दण्ड 6 वर्ष के लिए दिया गया है, जबकि 18 से 21 वर्ष तक की आयु के अभियोक्त्री के मामलों में औसत दण्ड 7 वर्ष का अधिरोपित किया गया है। उक्त समस्त मामलों में कुल औसत दण्ड लगभग 6·52 वर्ष आता है।

(VI) उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न

victim was not properly considered by the courts while awarding the sentence. Gravity of this social offence increases in cases where victim is a young girl. Less is the age of victim, more is the adverse effect on his mental condition and social status. Hence, sentence should be proportionate to the age of the victim. In cases of young girls, severe sentence should be awarded.

(vi) An effort is made, with the help of attached graph and table, to identify the age of victim in different cases, because age of victim is very important factor for prosecution as well as defence. It is clear from the graph that in minimum 4.10 percent cases, age of victim was between 21 to 35 years while the age of victim was between 18 to 21 years in 24.65 percent cases. Age of victim was below 7 years in 5 cases while same type of cases are found in 7 to 18 years old victims. It shows that the number of cases were more in cases of women between the age of 12 to 21 years.

Age of prosecutrix	Average sentence
0-7	8 years
7-12	6 "
12-16	6 "
16-18	8 "
18-21	7 "
21-35	5 "

Average Sentence-6.52 years

न्यायालयों द्वारा विभिन्न मामलों में दण्ड दिये जाने में अभियोक्त्री की आयु पर समुचित रूप से विचार नहीं किया गया है। जिन मामलों में अभियोक्त्री/पीड़ित महिला की आयु कम है उनमें इस सामाजिक अपराध की गम्भीरता अधिक हो जाती है। जितनी कम आयु की बालिका के साथ यह अपराध किया जाता है उतना ही अधिक प्रभाव उसके मन मस्तिष्क व सामाजिक प्रतिष्ठा पर पड़ता है दण्ड तथा आयु में विलोमानुपात होना चाहिए। इसलिए कम आयु की बालिका के मामलों में दण्ड अधिक होना चाहिए।

(VI) संलग्न ग्राफ व टेबिल में यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है कि कितने मामलों में पीड़ित बालिका/महिला की आयु क्या थी? क्योंकि आयु का तथ्य अभियोजन एवं बचाव दोनों ही के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। संलग्न ग्राफ से स्पष्ट होता है कि न्यूनतम 4.10 प्रतिशत मामलों में बलात्कार से पीड़ित महिला की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच थी। सर्वाधिक 24.65 प्रतिशत मामलों में महिला की आयु 18 से 21 वर्ष के बीच थी। 5 मामलों में 7 वर्ष से कम आयु की बालिका के साथ बलात्कार किया गया जबकि 7 से 18 वर्ष के बीच में सामान्यतः एक ही प्रकार के मुकदमे थे। इससे स्पष्ट होता है कि 12 से 21 वर्ष की आयु के बीच की महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों की संख्या अधिक है।

अभियोक्त्री की आयु	औसत दण्ड
0-7	8 वर्ष
7-12	6 वर्ष
12-16	6 वर्ष
16-18	8 वर्ष
18-21	7 वर्ष
21-35	5 वर्ष

औसत दण्ड-6.52 वर्ष



Some Specific Cases

(i) Rape with minor upto 7 years

Serial No.4 - A girl of 5 years was raped by a young boy of 15 years and he was released on probation.

Serial No.23 - Accused aged 14 years raped a girl of 6 years and in view of Sec.33(J) of U.P.Childrens Act, 1951, sentenced to 4 years of imprisonment.

Serial No.62 - A girl aged about 5-6 years was raped by accused in her house. He was sentenced to a rigorous imprisonment for 10 years.

It is clear from the above study that quantum of sentence is different even in the cases where victim is a girl of very tender age.



अभियोक्त्री की आयु

कुछ विशेष मामले :

(क) सात वर्ष तक की आयु की बालिका के मामले

क्रमांक-4- 15 वर्ष के युवक द्वारा एक 5 वर्ष की बालिका के साथ बलात्कार किया गया व उसे परीक्षा पर रिहा किया गया।

क्रमांक 23- 6 वर्ष की बालिका के साथ 14 वर्षीय अभियुक्त द्वारा बलात्कार किया गया एवं उसे धारा 33(जे), उत्तर प्रदेश बाल अधिनियम,1951 को दृष्टिगत रखते हुए 4 वर्ष की सजा दी गई।

क्रमांक 62- 5 1/2-6 वर्ष की बालिका के साथ अभियुक्त द्वारा दिन में 12·00 बजे उसी के घर में बलात्कार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गई।

उपरोक्त मामलों की विवेचना से यह स्पष्ट है कि अत्यधिक कम उम्र की बालिकाओं के साथ बलात्कार के मामलों में भी सजा की मात्रा में भिन्नता है।

(ii) Cases of Rape with Minor girl upto 16 years

Serial No.40 - A girl of 9-10 years was raped by two persons in the Nala of a field. Accused were sentenced to rigorous imprisonment for 7 years each.

Serial No.68 - Accused raped his step daughter aged about 8 years in his house who died afterwards. Accused was sentenced to rigorous imprisonment for 10 years and a fine of Rs.1,000/- only.

Serial No.21 - Accused aged more than 16 years raped a 9 years old girl in his shop.

He was sentenced to a rigorous imprisonment for 4 years and fine of Rs.1,000/- only.

Serial No.8 - Accused raped a girl of 9 years in her house, and was sentenced to rigorous imprisonment for 2 years only on the ground of his being a young boy of 15-16 years.

Serial No.28 - Accused raped a girl aged about 16 years in a Kothari and was sentenced to 5 years rigorous imprisonment only.

Serial No.59 - A young girl of 13 years was kidnapped and raped by the accused. Court sentenced him to a rigorous imprisonment for 10 years and a fine of Rs.500/- only.

Serial No.31 - Accused raped a young girl aged 13 years who was the friend of his daughter. He was sentenced to a rigorous imprisonment for 5 years.

(ब) 16 वर्ष तक की नाबालिग कन्या से बलात्कार के मामले:-

क्रमांक-40 9-10 वर्ष की बालिका के साथ शाम 6.00 बजे दो युवकों द्वारा खेत के नाले में बलात्कार किया गया। इस मामले में न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को 7-7 वर्ष का कठोर कारावास भुगतने का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-68- अभियुक्त द्वारा 8 वर्ष की बालिका (अपनी सौतेली पुत्री) से अपने घर में बलात्कार किया गया। जिसके कारण बाद में अभियोक्त्री की मृत्यु भी हो गई। अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व मात्र 1000/= रुपये अर्थ दण्ड की सजा दी गई।

क्रमांक-21- अभियुक्त ने 9 वर्ष की बालिका के साथ अपनी दुकान के अन्दर बलात्कार किया। अभियुक्त की आयु 16 वर्ष से अधिक थी। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 4 वर्ष के कठोर कारावास और 1000/- रुपये अर्थ दण्ड की सजा दी गई।

क्रमांक-8- अभियुक्त द्वारा 9 वर्ष की बालिका के साथ उसके ही घर में बलात्कार किया गया। अभियुक्त की आयु 15-16 वर्ष मानते हुए न्यायालय द्वारा उसे मात्र 2 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-28- अभियुक्त द्वारा कोठरी में 16 वर्ष की बालिका के साथ बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को मात्र 5 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया।

क्रमांक-59- 13 वर्ष की कन्या के साथ उसका अपहरण कर के अभियुक्त द्वारा बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास और 500/- रुपये के अर्थ दण्ड भुगतने की सजा दी गई।

क्रमांक-31- अभियुक्त द्वारा 13 वर्ष की बालिका के साथ, जो अभियुक्त की लड़की की सहेली थी, बलात्कार किया गया। इस मामले में अभियुक्त को 5 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

Serial No.16 - A young girl of 14 years was raped by the accused. Court sentenced him to a rigorous sentence of 4 years only.

Serial No.17 - A young girl of 13 years was raped by the accused aged about 22 years. He was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years.

Serial No.22 - A handicapped, young girl of 15 years was raped by the accused who was sentenced to a rigorous imprisonment for 4 years only.

Serial No.40 - Accused aged about 21 years raped a young girl of 14 years in his shop at 10.30 p.m. and was sentenced to rigorous imprisonment for 7 years and fine of Rs.5,000/- only.

(iii) Cases of 16 to 18 years of age

Serial No.31 - A married lady of 17 years was raped by several persons, who were the Homeguard and PRD official, in her house in presence of her husband and brother-in-law. A rigorous imprisonment of 7 years and fine of Rs.2,500/- was imposed on each accused.

Serial No.50 - A young unmarried girl of 17 years was kidnapped and raped by two accused. They were sentenced to 8 years rigorous imprisonment.

Serial No.18 - Prosecutrix, ayed abcut 18 years was raped by accused aged about 23-24 years at the road beneath a mountain. He was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years and fine of Rs.500/- only.

Serial No.43 - Two persons raped a harijan lady aged

क्रमांक-16- अभियुक्त को 14 वर्ष की लड़की के साथ बलात्कार के आरोप में 4 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-17- अभियुक्त, आयु 22 वर्ष, द्वारा 13 वर्ष की लड़की के साथ बलात्कार किया गया, उसे 4 वर्ष का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-22- अभियुक्त द्वारा 15 वर्ष की अपंग, पागल लड़की के साथ बलात्कार किया गया था। अभियुक्त को 4 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-40- अभियुक्त, आयु 21 वर्ष, ने 14 वर्ष की बालिका के साथ अपनी दुकान में रात्रि 10.30 बजे बलात्कार किया। उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास व 5000/= अर्थ दण्ड की सजा दी गई।

(ग) 16 से 18 वर्ष तक की आयु के मामले :-

क्रमांक-37- 17 वर्षीय विवाहित महिला के साथ कई व्यक्तियों, जो होमगार्ड एवं पी0आर0डी0 कर्मचारी थे, द्वारा उसके मकान में उसके ही पति व देवर की उपस्थिति में बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 7 वर्ष का कठोर कारावास व 2500/- अर्थदण्ड की सजा दी गई।

क्रमांक-50- दो अभियुक्तों द्वारा 17 वर्ष की अभियोक्त्री का अपहरण करके उसके साथ बलात्कार किया गया। जबकि अभियोक्त्री अविवाहित थी। अभियुक्तगण को 8 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक-18- अभियुक्त ने, जिसकी आयु 23-24 वर्ष थी, अभियोक्त्री से, जिसकी आयु लगभग 18 वर्ष थी, पहाड़ी के नीचे सड़क पर बलात्कार किया। अभियुक्त को 4 वर्ष के कठोर कारावास व रु0500/= अर्थदण्ड की सजा दी गई।

क्रमांक-43- दो अभियुक्तों द्वारा एक हरिजन युवती,

about 17 years at 7 p.m. and were sentenced to rigorous imprisonment for 7 years each.

Serial No.50 - Prosecutrix, an unmarried girl aged about 17 years was kidnapped and raped by two persons. Each of them was sentenced to rigorous imprisonment for 8 years.

Serial No.37 - Prosecutrix, aged about 17 years was kidnapped and raped by 5 persons. Court sentenced them to rigorous imprisonment for 5 years.

Serial No.14 - An insane, deaf and dumb girl of 16 years was raped by accused at 7 p.m.. Accused was sentenced to rigorous imprisonment of 3 years only.

Serial No.24 - Victim aged about 17 years was gang raped by three persons. Each of them was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years.

Serial No.25 - A young woman of 18 years was raped in her own house at about 10.30 a.m. Accused was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years and fine of Rs.500/- only.

(iv) Cases of age between 18 to 21 years

Serial No.36 - Accused persons gang raped the prosecutrix aged about 20 years in their own house. Each of them was sentenced to rigorous imprisonment for 6 years.

Serial No.61 - A young woman of 19 years was raped by accused in the wheat field at about 4 p.m. Accused was sentenced to rigorous imprisonent for 10 years and fine of Rs.500/- only.

Serial No.10 - Accused raped a young woman aged about 19 years in his shop at about 12.30 in the night. He was sentenced to rigorous imprisonment for 3 years and a fine of Rs.1,000/- only.

Serial No.30 - Accused person kidnapped the prosecutrix at

आयु लगभग 17 वर्ष, के साथ सायं 7·00 बजे बलात्कार किया गया और उनमें से प्रत्येक को 7 वर्ष का सश्रम कारावास का दण्ड दिया

क्रमांक 50- दो अभियुक्तों द्वारा अभियोक्त्री [आयु 17 वर्ष] का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार किया गया जबकि अभियोक्त्री अविवाहित थी। अभियुक्तगण को 8 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 37- पाँच व्यक्तियों द्वारा अभियोक्त्री [आयु लगभग 17 वर्ष] का अपहरण करके उसके साथ बलात्कार किया गया और उनमें से प्रत्येक अभियुक्त को पाँच वर्ष के कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 14- अभियुक्त द्वारा एक 16 वर्ष की युवती के साथ, जो पागल, गूँगी व बहरी थी, सायं 7·00 बजे बलात्कार किया गया और उसे मात्र तीन वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 24- तीन व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से अभियोक्त्री के साथ बलात्कार किया गया, जिसकी आयु 17 वर्ष थी। उनमें से प्रत्येक को मात्र चार-चार वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 25- लगभग 18 वर्ष की युवती के साथ उसके घर में 10·30 बजे दिन में बलात्कार किया गया और अभियुक्त को चार वर्ष का सश्रम कारावास व रु0 500/- के अर्थ दण्ड से दंडित किया गया।

[घ] 18 से 21 वर्ष आयु के मामले :-

क्रमांक 36- अभियुक्तगण द्वारा सामूहिक रूप से अपने ही घर में अभियोक्त्री, आयु 20 वर्ष, के साथ बलात्कार किया गया। उनको 6-6 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 61- लगभग 19 वर्ष की अभियोक्त्री के साथ 4·00 बजे सायं गेहूँ के खेत में बलात्कार करने में अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं रु0 500/- अर्थ दण्ड से दंडित किया गया।

क्रमांक 10- अभियुक्त द्वारा अपनी ही दुकान में 19 वर्ष की युवती के साथ 12·30 बजे रात्रि में बलात्कार किया गया और उसे मात्र 3 वर्ष का सश्रम कारावास व रु0 1500/- अर्थ दण्ड से दंडित किया गया।

क्रमांक 30 के मामले में अभियुक्तगण द्वारा अभियोक्त्री का अपहरण

knife point. Each of them was sentenced to a rigorous imprisonment for 5 years.

It is clear from the analysis that courts have not considered the age of victim while sentencing the accused which is a necessary element for awarding sentence. It is also clear that courts have not followed the uniform policy in awarding sentence to accused.

D. CASE WHERE PROSECUTRIX WAS FOUND HABITUAL TO SEXUAL INTERCOURSE

Prosecutrix is medically examined in every case of rape. Medical Officer gives his opinion, about the age of prosecutrix as well as whether rape has been committed or not? He is also required to indicate in the report whether prosecutrix is habitual to sexual inter course or not?

Medical report of every case under study was not available to us, but, generally, it is mentioned in the judgment as to whether, in the opinion of medical officer, victim/prosecutrix was habitual to sexual intercourse or not? In 48 cases, victim/prosecutrix was found habitual to sexual intercourse, while in 13 cases, she was not found habitual to sexual intercourse. In 65.75% cases victim/prosecutrix was habitual to sexual intercourse and an average sentence of 6.40 years was imposed against accused while in 17.80 percent cases, prosecutrix/victim was not found habitual to sexual intercourse and an average sentence of 5.77 years was imposed. In majority of cases, victim/prosecutrix was found habitual to sexual intercourse.

Nature of case	No.of cases	Percentage	Average sentence
Prosecutrix was habitual to sexual intercourse	48	65.75	6.48 years
Prosecutrix was not habitual to sexual intercourse	13	17.81	5.77 years
Information not available	12	16.44	5.82 years
TOTAL	73	100.00	

करके चाकू की नोक पर उसके साथ कई बार बलात्कार किया गया और अभियुक्तगण को 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया।

उपर्युक्त से यह स्पष्ट होता है कि अभियोक्त्री की आयु को, सामान्यतः, बलात्कार के मामले में दण्ड पारित करते समय ध्यान में नहीं रखा गया है। अभियोक्त्री की आयु दण्ड पारित करते समय ध्यान में रखना एक आवश्यक तत्व है। उपरोक्त मामलों के विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दंडित करते समय एक सिद्धान्त नहीं अपनाये गये हैं।

(घ) मामले जिनमें अभियोक्त्री संभोग की आदी पाई गई :-

बलात्कार के प्रत्येक मामले में अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण किया जाता है। जिसमें चिकित्सक द्वारा अभियोक्त्री की आयु के संबंध में रिपोर्ट दी जाती है, साथ-ही-साथ वे यह भी रिपोर्ट देते हैं कि वास्तव में उस महिला के साथ बलात्कार हुआ अथवा नहीं। चिकित्सा अधिकारी को जाँच के उपरान्त यह भी अभिमत देनी होती है कि क्या पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी थी अथवा नहीं।

वर्तमान शोधकार्य के अंतर्गत यद्यपि प्रत्येक मामले में चिकित्साधिकारी की मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, फिर भी निर्णय में न्यायालय द्वारा, सामान्यतः, यह अंकित किया गया है कि चिकित्साधिकारी की राय में पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी थी अथवा नहीं। 48 मामलों में यह पाया गया कि पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी थी। जबकि 13 मामलों में चिकित्साधिकारी की राय में पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी नहीं पायी गई, अर्थात् 65·75 प्रतिशत मामलों में पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी पाई गई व औसत दण्ड 6·48 वर्ष का दिया गया। जबकि 17·80 प्रतिशत मामलों में पीड़ित महिला/अभियोक्त्री को सहवास की आदी होना नहीं पाया गया व औसत दण्ड 5·77 वर्ष का दिया गया। इस प्रकार अधिकतर मामलों में पीड़ित महिला/अभियोक्त्री सहवास की आदी थी।

मामले का प्रकार	मामलों की संख्या	प्रतिशत	औसत दण्ड
अभियोक्त्री सहवास की आदी पाई गई	48	65·75	6·48 वर्ष
अभियोक्त्री सहवास की आदी होना नहीं पाई गई	13	17·81	5·77 वर्ष
सूचना उपलब्ध नहीं	12	16·44	5·82 वर्ष
योग-	73	100·00	

(E) RAPE IN SPECIAL CIRCUMSTANCES

(i) Rape with Step daughter

Serial No.63 - Accused an aged person, committed rape with his step daughter aged about 8 years in his house due to which she died. Accused was sentenced to 10 years rigorous imprisonment and a fine of Rs.1,000/- on the ground that he is a constable having no criminal history. Committing rape with his own 8 years daughter is one of the rare of the rarest case and a severe punishment should have been awarded to the accused. There was no ground to impose lesser sentence than the maximum punishment provided by law.

(ii) Rape by police Officer with a woman at the police Station or in his custody

Serial No.37 - Four officials of P.R.D. and home guard department committed rape with a lady and looted her money who had come to visit a village fare. They were found guilty u/s 394 and 376 I.P.C. and sentenced to 2 and 7 years of rigorous imprisonment and a fine of Rs.2,500/- each respectively. Minimum sentence prescribed by law is 10 years of rigorous imprisonment but court had minimized the sentence on the ground that accused are young men. Committing rape by police officials is a heinous offence and a minimum sentence of 10 years of rigorous imprisonment is prescribed by law. There should be some specific reasons for reducing the sentence. Law prescribe a sevvre punishment in case of gang rape.

(ङ) विशेष परिस्थितियों में किये गये बलात्कार

(1) सौतेली पुत्री से बलात्कार

क्रमांक 63- अभियुक्त, जो अधेड़ उम्र का व्यक्ति था, ने अपनी सौतेली पुत्री, जिसकी उम्र मात्र 8 वर्ष थी, के साथ अपने ही घर में बलात्कार किया। जिसके कारण अभियोक्त्री की मृत्यु हो गई। न्यायालय द्वारा उसे 10 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड व रु0 1000/- अर्थ दण्ड की सजा दी गई और यह आधार लिया गया है कि अभियुक्त सिपाही है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, जबकि इस प्रकार के मामलों में कठोरतम दण्ड दिया जाना उचित होता। अभियुक्त द्वारा अपनी 8 वर्ष की सौतेली पुत्री के साथ बलात्कार किया जाना गम्भीरतम अपराध है और इस प्रकार के मामले में कोई ऐसा न्यूनकारी कारण नहीं है जिससे अधिकतम सजा से कम सजा देने हेतु कोई आधार बनता।

(2) पुलिस अधिकारी द्वारा पुलिस स्टेशन अथवा उसकी अपनी अभिरक्षा की किसी महिला के साथ बलात्कार:-

क्रमांक 37- चार व्यक्तियों द्वारा, जो पी0आर0डी0 तथा होमगार्ड के कर्मचारी थे, मेले में आई हुई महिला के साथ बलात्कार किया गया और उसके रुपये भी छीन लिए। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को धारा 394 व 376 भा0दं0सं0 के अंतर्गत दोषी पाते हुए क्रमशः 2 व 7 वर्ष का सश्रम कारावास व रु0 2500/- 2500/- अर्थ दण्ड की सजा दी गई। इस प्रकार के मामले में न्यूनतम दण्ड 10 वर्ष का निर्धारित किया गया है, किन्तु न्यायालय द्वारा इस आधार पर दण्ड कम कर दिया गया कि अभियुक्तगण नवयुवक हैं। पुलिस कर्मचारियों द्वारा बलात्कार किया जाना एक गम्भीरतम अपराध माना गया है इस कारण न्यूनतम दण्ड 10 वर्ष का सश्रम कारावास निर्धारित किया गया है। दण्ड की मात्रा कम करने हेतु अतिविशिष्ट कारण होना चाहिए। सामूहिक बलात्कार के मामले में अभियुक्तों को कठोर दण्ड दिया जाना विधि द्वारा निर्धारित है।

Serial No.73 - Two constables of P.R.D. raped a woman in the kothari at railway station while she was waiting for a train. Both of them were sentenced to rigorous imprisonment of 10 years with a fine of Rs.5000/- each. It was held that there is no ground to sentence them for less than 10 years R.I, which is the minimum sentence prescribed by law. Hence, accused were sentenced to rigorous imprisonment for 10 years.

(iii) Cases where accused committed rape as trustee

Serial No.56 - Accused committed rape with his cousin sister, aged about 7 years, and thereafter murdered her by strangulating her neck. Accused was aged about 18 years at the time of occurrence and was convicted and sentenced to a rigorous imprisonment for 10 years u/s 376 I.P.C. and imprisonment for life under sec. 302 I.P.C. It was held that since a minor girl of 8 years was raped and murdered by the accused, no sympathy can be shown to him.

Serial No.58 - Accused committed rape with the victim aged about 8 years near a lake. Court held the age of accused as 15 years on 26.9.1987 i.e. date of occurrence and released him on probation giving thebenefit of Sec.27 of U.P. Childrens Act, 1961. This case shall again be discussed in the later part of the report as Juvenile Justice Act, 1986 had come into force on the date of occurrence and provisions of the Act shall be applicable in the case.

Serial No.39 - Accused kidnapped the prosecutrix aged about 19 years and raped her. Accused was living

क्रमांक 73- दो अभियुक्तों द्वारा, जो जी0आर0पी0 में तैनात थे, रेलवे स्टेशन पर इन्तजार कर रही महिला को अपनी कोठरी में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों अभियुक्तों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व रु0 5000/- अर्थ दण्ड की सजा दी गई। न्यायालय द्वारा यह माना गया है कि पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए गए अपराध में उन्हें न्यूनतम 10 वर्ष से कम सजा देने का कोई आधार नहीं है। इस कारण अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास का दण्ड दिया गया।

(3) मामले जिनमें अभियुक्त द्वारा न्यासी के रूप में कार्य करते हुए बलात्कार किया गया:-

क्रमांक 56- अभियुक्त द्वारा अपनी सगी चचेरी बहन, आयु लगभग 7 वर्ष, के साथ बलात्कार किया गया। तदुपरान्त उसका गला दबाकर उसकी हत्या भी कर दी। घटना के समय अभियुक्त की आयु लगभग 18 वर्ष थी। न्यायालय द्वारा धारा 376 के अंतर्गत अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। निर्णय में यह कहा गया है कि चूंकि 8 वर्ष की एक अबोध बालिका के साथ बलात्कार किया गया है और बाद में उसकी हत्या भी कर दी गई है, इसलिए यह किसी सहानुभूति का अधिकारी नहीं है।

क्रमांक 58- अभियुक्त ने अभियोक्त्री को नहर के पास झाड़ी में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। अभियोक्त्री की आयु मात्र 8 वर्ष थी। न्यायालय ने अभियुक्त की आयु घटना के दिनांक 26-9-87 को 15 वर्ष मानी है। यू0पी0 चिल्ड्रेन्स अधिनियम, 1961 की धारा 27 का लाभ देते हुए अभियुक्त को परिवीक्षा पर रिहा किया। इस मामले पर इस रिपोर्ट में आगे विचार किया जाएगा क्योंकि किशोर न्याय अधिनियम, 1986 घटना की तिथि को लागू हो चुका था और उसके प्रावधान लागू होने चाहिए थे।

क्रमांक 39- अभियोक्त्री, आयु लगभग 19 वर्ष, को अभियुक्त भगा कर ले गया। अभियुक्त, अभियोक्त्री के

with cousin brother of prosecutrix and were known to each other. Accused was sentenced to rigorous imprisonment for 7 years. It was held that a severe punishment should be imposed in case where a married woman has been raped.

(iv) Rape with Harijan lady

Serial No.43 - Two accused committed rape with a harijan girl aged about 17 years in arhar field at about 7 p.m. Accused were convicted and sentenced to a rigorous imprisonment for 7 years. Court has not mentioned any ground in its order on the basis of which sentence has been awarded, but it appears that Court has taken into consideration this fact that accused belongs to upper caste while prosecutrix is a scheduled caste lady. Although Court was of the view that a severe punishment should be awarded to accused but minimum sentence of 7 years, as provided in the Indian Penal Code for an offence u/s 376, was awarded to them.

(v) Committing rape under fear

Six cases have been received in this research project in which victim was raped under fear of injury to her body or property.

Serial No.30 - A minor girl of 10 years was kidnapped and raped by 3 persons at different places under fear of causing bodily injury and death. All the accused were sentenced to rigorous imprisonment for 5 years. Although it was held that accused has committed a heinous offence but no ground was mentioned by the Court in awarding a lesser sentence

चचेरे भाई के यहां रहता था और एक दूसरे को जानते थे। अभियुक्त द्वारा अभियोक्त्री का अपहरण करके उसके साथ बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा 376 भा0दं0सं0 के अंतर्गत सात वर्ष का कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। न्यायालय ने यह भी कहा कि विवाहित महिला के साथ बलात्कार के मामले में कठोरतम दण्ड दिया जाना चाहिए।

(4) हरिजन युवती से बलात्कार

क्रमांक 43- दो सवर्ण युवकों द्वारा एक हरिजन कन्या (आयु लगभग 17 वर्ष) के साथ शाम 7.00 बजे अरहर के खेत में बलात्कार किया गया। अभियुक्तगण को न्यायालय द्वारा सात वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। दण्डादेश पारित करते समय न्यायालय द्वारा ऐसे किसी भी आधार का वर्णन नहीं किया गया है जिस आधार पर दण्ड निर्धारित किया गया हो। यद्यपि ऐसा प्रतीत होता है कि दण्डादेश पारित करते समय न्यायालय द्वारा इस तथ्य को ध्यान में रखा गया है कि अभियोक्त्री एक हरिजन युवती है तथा अभियुक्तगण सवर्ण हैं। यद्यपि न्यायालय ने यह कहा है कि अभियुक्तगण कठोर दण्ड पाने के अधिकारी हैं किन्तु धारा 376 के अंतर्गत अभियुक्त को 7 वर्ष के न्यूनतम कारावास की सजा दी गई।

(5) भय दिखाकर बलात्कार करना

इस प्रकार के कुल 6 मामले इस शोध कार्य में प्राप्त हुए जिनमें अभियुक्त द्वारा किसी प्रकार का भय दिखाकर अभियोक्त्री के साथ बलात्कार किया गया।

क्रमांक 30- 10 वर्ष की अविवाहित कन्या के साथ उसका अपहरण कर भिन्न-भिन्न स्थानों में ले जाकर उसे शारीरिक पीड़ा पहुँचाकर तथा जान से मारने की धमकी देकर तीन व्यक्तियों द्वारा बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को मात्र 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया गया। यद्यपि न्यायालय ने यह माना है कि अभियुक्तगण का अपराध गम्भीरतम प्रकृति का है किन्तु धारा 376 भा.दं.सं. में प्राविधानित न्यूनतम दण्ड से भी कम दण्ड देने का कोई

than the minimum prescribed by law.

Serial No.10 - Accused committed rape with a minor girl of 10 years in his shop at 12.30 a.m. at the point of knife. Accused was convicted and sentenced to rigorous imprisonment for 3 years and a fine of Rs.1,500/- on the ground that he is a young man of 22 years and is the only bread feeder for his family.

Serial No.38 - A girl aged about 18 years was kidnapped and kept at the different places. Accused raped her at the point of knife. He was sentenced to rigorous imprisonment for 7 years and fine of Rs.1,000/- only.

Serial No.63 - Two accused kidnapped and raped the prosecutrix at the point of knife. They were sentenced to a rigorous imprisonment for 10 years each.

Serial No.69 - Prosecutrix, her father and two persons were taken to some place by accused. Prosecutrix was raped by four persons at the gun point in presence of her father. Accused were convicted and sentenced to rigorous imprisonment for 10 years and to pay a fine of Rs.5,000/- each. Compensation of Rs.10,000/- was also awarded to the victim.

Serial No.52 - Two accused persons raped the victim at gun point in the evening at 6 p.m. and were sentenced to rigorous imprisonment for 8 years.

Serial No.53 - Accused raped the victim in her house at gun point at 9 p.m. He was sentenced to a rigorous imprisonment for 8 years.

All the above cases shows that in all cases, victim was raped putting her under fear but quantum of sentence differs in every case. Courts have considered different grounds in awarding the sentence. (Grounds have been

आधार अंकित नहीं है।

क्रमांक 10- अभियुक्त ने 10 वर्षीय अविवाहित कन्या के साथ रात्रि 12·30 बजे चाकू दिखाकर अपनी दुकान में बलात्कार किया। अभियुक्त को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं रु0 1500/- अर्थदण्ड की सजा दी गयी। यह आधार दिया गया कि अभियुक्त की आयु 22 वर्ष है एवं अपने परिवार की आजीविका चलाने वाला वह एकमात्र व्यक्ति है।

क्रमांक 38- के मामले में 18 वर्षीय बालिका का अपहरण करके उसे विभिन्न स्थानों पर रखा गया तथा चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया गया। अभियुक्त को 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं रु0 1000/- अर्थदण्ड की सजा दी गयी।

क्रमांक 63- दो अभियुक्तों द्वारा अभियोक्त्री का अपहरण कर चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा उन्हें 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया गया।

क्रमांक 69- अभियोक्त्री, उसके पिता व दो अन्य व्यक्तियों को ट्रक में बैठाकर किसी स्थान पर ले जाकर उनकी उपस्थिति में अभियोक्त्री के साथ बन्दूक की नोक पर चार व्यक्तियों द्वारा बलात्कार किया गया। अभियुक्तगण को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा रु0 5000/--5000/- अर्थदण्ड की सजा दी गयी। अर्थदण्ड के भुगतान के उपरान्त रु0 10,000/- अभियोक्त्री को बतौर क्षतिपूर्ति दिलाया गया।

क्रमांक 52- दो अभियुक्तों द्वारा शाम 6·00 बजे बन्दूक की नोक पर बलात्कार किया गया तथा न्यायालय ने उन्हें 8-8 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया।

क्रमांक 53- अभियुक्त ने अभियोक्त्री के घर में घुसकर राईफल की नोक पर रात्रि 9·00 बजे बलात्कार किया। अभियुक्त को 8 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया गया।

उपरोक्त मामलों के परीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक मामले में अभियोक्त्री को भय दिखाकर उसके साथ बलात्कार किया गया, किन्तु प्रत्येक मामले में दण्ड की मात्रा भिन्न है एवं भिन्न आधारों को दृष्टिगत रखते हुए दण्डादेश पारित किया गया है। (आधारों को संलग्न

shown in the attached master chart). In all the above mentioned cases, Court has not considered the fact that accused has committed rape with the prosecutrix under fear of death, hence the offence is more heinous in comparision to an ordinary case of rape.

(vi) Rape with a minor girl below 12 years of age

Section 376(2) (f) of Indian Penal Code provides that if, a rape is committed with a girl up to 12 years age, accused shall be punished with an imprisonment for life which shall not be less than 10 years, fine shall also be imposed. Court may impose a sentence of less than 10 years by giving special reasons for doing so.

Serial No. 62.

Accused raped a minor girl aged about 5-6 years in her house and was convicted and sentenced to a rigorous imprisonment for 10 years. No fine was imposed.

Serial No. 40

A minor girl aged about 9-10 years was raped by accused in a Nala, while the co-accused keeps on standing there. It was held by the Court that-

No sympathy could be shown to accused as the offence is very heinous in nature but the accused were sentenced to a rigorous imprisonment for 5 years only & no fine was imposed.

Serial No. 21.-

Accused raped a minor girl aged about 10-11 years at 4 p.m. It was held that the age of the victim was 10-11 years at the time of occurrence, but accused was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years and a fine of 1000/- only.

Serial No.8.

Accused aged about 19 years raped a

मास्टर चार्ट में दर्शाया गया है।।। इस प्रकार के मामलों में न्यायालय ने दण्डादेश पारित करते समय इस तथ्य को ध्यान में नहीं रखा कि अभियोक्त्री को जान से मारने का भय दिखा कर उसके साथ बलात्कार किया गया है, इसलिए सामान्य श्रेणी के बलात्कार से अधिक गम्भीर प्रकृति का अपराध अभियुक्त द्वारा किया गया है।

।6। बारह वर्ष से कम आयु की नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार के मामले-

धारा 376।2।।एफ। भा॰दं॰सं॰ के अनुसार यदि किसी 12 वर्ष तक की बालिका के साथ बलात्कार किया जाता है तो अभियुक्त को न्यूनतम दण्ड 10 वर्ष, जो आजीवन कारावास तक भी हो सकता है, दिया जायगा। इसके साथ अर्थदण्ड भी आरोपित किया जायगा। यद्यपि विशेष मामलों में विशेष कारणों का उल्लेख करते हुए न्यायालय 10 वर्ष से कम की सजा भी दे सकता है।

क्रमांक 62- अभियुक्त ने 5 1/2-6 वर्ष की कन्या के साथ अपने ही घर में दोपहर में बलात्कार किया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया, किन्तु अर्थदण्ड नहीं लगाया गया।

क्रमांक 40- अभियुक्त द्वारा 9-10 वर्ष की नाबालिग कन्या के साथ नाले में बलात्कार किया गया, जबकि एक अन्य अभियुक्त वहीं खड़ा रहा। न्यायालय ने आदेश में यह माना कि अपराध गम्भीरतम प्रकृति का है, अतएव अभियुक्तगण के साथ कोई सहानुभूति नहीं बरती जानी चाहिए। परन्तु मात्र 5-5 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। कोई अर्थदण्ड लगाया नहीं गया।

क्रमांक 21- अभियुक्त ने 10-11 वर्ष की नाबालिग कन्या के साथ सायं 4.00 बजे बलात्कार किया। न्यायालय के अनुसार घटना के समय अभियोक्त्री की आयु मात्र 10-11 वर्ष थी। अभियुक्त को 4 वर्ष के कठोर कारावास व रु0 1,000/- अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

क्रमांक 8- अभियुक्त, आयु लगभग 19 वर्ष ने,

minor girl of 9 years at 6 p.m. in the verandah of her house. Accused was sentenced to a rigorous imprisonment for 2 years on the ground that he belongs to a poor family and his old parents are dependant upon him. Age of the victim was not considered in awarding sentence.

Serial No.44 - Accused aged 19 years committed rape with a girl of 10 years at 12 in the noon in the cattle yard. Considering the heinousness of offence, court sentenced the accused to undergo rigorous imprisonment for 7 years. No ground was mentioned for not imposing the fine or awarding a lesser sentence than the minimum sentence of 10 years, as prescribed.

Serial No.23 - Accused, aged about 14 years, raped a minor girl of 6 years in a sugarcane field. It was held, while awarding sentence to accused, that accused is a child offender and he was sentenced to rigorous imprisonment for 4 years u/s 33 (J) of U.P. Childrens Act, 1951.

Serial No.2 - Accused aged about 20 years raped a minor girl of 11 years in a filed. Considering his young age, Court released him on probation for one year giving the benefit of provisions of First Offenders Act. Although, this Act is not applicable in a case u/s 376 I.P.C.

Serial No.3 - Two accused aged about 17 and 19 years raped a minor girl of 9 years at about 5 p.m. in a field. Considering the age of accused, Court released them on probation of good behaviour for one year. It was against the provisions of law.

Serial No.4 - An innocent baby of 4-5 years was

9 वर्ष की नाबालिग कन्या के साथ उसके ही घर के बरामदे में सायं 6·00 बजे बलात्कार किया। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को मात्र दो वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड इस आधार पर दिया गया कि अभियुक्त देहात के गरीब परिवार का है तथा उसके वृद्ध माता-पिता उस पर आश्रित हैं। अभियोक्त्री की आयु दण्डादेश पारित करते समय ध्यान में नहीं रखी गयी।

क्रमांक 44- अभियुक्त, आयु लगभग 19 वर्ष ने गाँव के चारागाह में अभियोक्त्री, आयु लगभग 10 वर्ष, के साथ दिन के 12·00 बजे बलात्कार किया। न्यायालय ने अपराध की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए अभियुक्त के विरुद्ध 7 वर्ष के कठोर कारावास का दण्डादेश पारित किया। न्यूनतम दण्ड 10 वर्ष से कम दण्ड देने अथवा कोई अर्थदण्ड न लगाये जाने का कोई कारण नहीं दर्शाया गया।

क्रमांक 23- अभियुक्त (आयु लगभग 14 वर्ष) ने, 6 वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ गन्ने के खेत में बलात्कार किया। दण्डादेश पारित करते समय विस्तृत विवेचना के उपरान्त न्यायालय ने यह माना कि, अभियुक्त बाल अपराधी की श्रेणी में आता है तथा उत्तर प्रदेश बाल अधिनियम, 1951 की धारा 33(जे) के अन्तर्गत चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी।

क्रमांक 2- 20 वर्षीय अभियुक्त द्वारा खेत में 11 वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ बलात्कार किया गया। अभियुक्त की युवावस्था को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय द्वारा उसे यू0पी0 फर्स्ट अफेन्डर एक्ट का लाभ देते हुए एक वर्ष की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया गया। यह अधिनियम इस अपराध में लागू नहीं होता है।

क्रमांक 3- दो अभियुक्तों, आयु क्रमशः 17 व 19 वर्ष, द्वारा 9 वर्षीय नाबालिग कन्या के साथ सायं 5·00 बजे खेत में बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण की युवावस्था को दृष्टिगत रखते हुए एक वर्ष की परिवीक्षा पर रिहा किया गया। यह भी विधि विरुद्ध था।

क्रमांक 4- 15 वर्षीय अभियुक्त द्वारा 4-5 वर्ष

raped by accused aged about 15 years. Court released him on probation giving the benefit of his young age while he remained in jail for 7 months during trial. This case shall again be discussed in the later part of the report.

Serial No.15 - Accused committed rape with a minor girl of 9 years and also stolen some ornaments. He was sentenced to undergo rigorous imprisonment for 3 years and a fine of Rs.500/-. It is mentioned in the order that since accused has raped a minor girl of 9 years hence, severe punishment should be awarded to him, but court has not mentioned any ground for imposing a lesser sentence than the minimum prescribed by law.

Serial No.5 - Accused raped a minor girl aged about 10 years in a field at 4 p.m. on 30.11.1988. It was held by the court that accused was minor at the time of occurrence and was brought to court from the childrens jail. Accused was released on probation giving the benefit of U.P.Childrens Act, 1951. Juvenile Justice Act has come into force in the year 1986 and all the cases relating to juveniles had to be tried by the juvenile court and not by the ordinary sessions court.

Serial No.57 - Accused raped a minor girl of 6-7 years in his house and was sentenced to a rigorous imprisonment for 10 years and fine of Rs.1,000/-. Court released him on probation, for two years to keep good behaviour, on the ground that his age is below 16 years. Accused was sent to jail in default of furnishing the surety bonds. Accused cannot be released on probation after awarding sentence to him.

Serial No.1 - Two accused persons aged about 18 years raped a minor girl of 11,12 years in the evening at the bank of a river. They were released on probation for keeping good behaviour for one year.

According to Section 4 of probation of

की अबोध कन्या के साथ बलात्कार किया गया। न्यायालय ने अभियुक्त की आयु के आधार पर उसे परिवीक्षा पर रिहा कर दिया, जबकि अभियुक्त पिछले 7 मास से जेल में था। मामले की विस्तृत विवेचना रिपोर्ट के अग्रिम भाग में की गई है।

<u>क्रमांक 15</u>- अभियुक्त ने 9 वर्ष की नाबालिग कन्या के साथ बलात्कार किया तथा जेवरात चुराये। अभियुक्त को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और रु0 500/- के अर्थदण्ड की सजा दी गई। न्यायालय द्वारा आदेश में यह अंकित किया गया है कि चूंकि अभियुक्त द्वारा 9 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार किया गया है, अतः उसे समुचित रूप से दण्डित किया जाना आवश्यक होगा, किन्तु न्यूनतम दण्ड से कम दण्ड देने का कोई आधार नहीं दर्शाया गया है।

<u>क्रमांक 5</u>- 10 वर्षीय बालिका के साथ दिनांक 30•11•88 को अभियुक्त ने सायं 4•00 बजे खेत में बलात्कार किया। न्यायालय के निष्कर्षों के अनुसार घटना के समय अभियुक्त नाबालिग था एवं परीक्षण के दौरान बच्चा जेल से न्यायालय आया। अभियुक्त को उ0प्र0 बाल अधिनियम, 1951 का लाभ देते हुए परिवीक्षा पर रिहा किया गया। वर्ष 1986 में किशोर न्याय अधिनियम लागू हो गया था। इसके उपरान्त किशोर अपराधियों से संबंधित सभी विचाराधीन मामले किशोर न्यायालय द्वारा सुने जाने थे, न कि सामान्य सत्र न्यायालय द्वारा।

<u>क्रमांक 57</u>- अभियुक्त द्वारा 6-7 वर्ष की कन्या के साथ अपने ही घर में बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा रु0 1,000/- अर्थदण्ड की सजा दी गयी, किन्तु अभियुक्त को 16 वर्ष से कम आयु का मानते हुए उसे दो वर्ष तक अच्छा चाल-चलन बनाए रखने के लिए परिवीक्षा पर रिहा कर दिया गया। अभियुक्त द्वारा जमानत दाखिल न कर पाने के कारण उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को दण्ड देकर परिवीक्षा पर रिहा नहीं किया जा सकता है।

<u>क्रमांक 1</u>- 18 वर्ष से कम आयु के दो अभियुक्तों द्वारा 11, 12 वर्ष की नाबालिग कन्या के साथ सूर्यास्त के समय नदी के कगारे के पास बलात्कार किया गया। अभियुक्तगण को एक वर्ष के अच्छे चाल-चलन की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया गया।

अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 4 के अनुसार

offenders Act, 1958, benefit of the Act can not be given to a person who has committed an offence punishable with death or imprisonment for life. If accused is juvenile within the definition of Juvenile Justice Act, 1986, than he shall be tried by the juvenile courts.

Age of victim was below 12 years in all the above mentioned case. Acc. to Sec.376(2)(f) I.P.C., a minimum sentence of 10 years, or life imprisonment has not been awarded in any case. It was mandatory to impose fine, but that too has not been imposed in any case.

It is clear that courts had considered different grounds at the time of awarding the sentence. Courts should mention the special reasons while awarding a sentence less than the prescribed; but Courts have not considered any special ground in awarding the sentence less than the minimum sentence prescribed by law.

(vii) Rape with an insane, handicapped, and minor girl

Serial No.22 - Accused raped a handicaped, insane, minor girl of 15 years in a garden at 5.30 p.m. He was sentenced to a rigorous sentence of 4 years only. Court has not mentioned any ground for awarding a sentence less than the minimum sentence prescribed by law.

Serial No.14 - Accused raped a 16 years old insane, deaf and dumb girl at 7 p.m. in a garden and was sentenced to rigorous imprisonment for 3 years only. Court had not considered any special ground in awarding the sentence. A sentence less than the minimum prescribed by law was imposed on the ground that accused had raped her taking the advantage of her being wandering here and there in the night.

किसी व्यक्ति को, जो मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय नहीं है, के मामले में इस अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा सकता है तथा यदि अभियुक्त किशोर न्याय अधिनियम, 1986 के अंतर्गत "किशोर" की परिभाषा में आता है तो उसका विचारण किशोर न्यायालय द्वारा किया जायगा।

उपरोक्त समस्त मामलों में घटना के समय अभियोक्त्री की आयु 12 वर्ष से कम थी, धारा 376(2)(एफ), भा0दं0सं0 के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध न्यूनतम सजा 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा से भी दण्डित किया जाना चाहिए था, जो आजीवन कारावास तक हो सकता था, किन्तु किसी भी मामले में आजीवन कारावास की सजा नहीं दी गई है। अर्थदण्ड लगाना बाध्यकारी प्रावधान था, किन्तु उसका भी अनुपालन नहीं हुआ है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि दण्डादेश पारित करते समय विभिन्न न्यायालयों को प्रावधानित न्यूनतम सजा की जानकारी ही नहीं है तथा विभिन्न न्यायालयों द्वारा दण्डादेश पारित करते समय भिन्न-भिन्न आधारों पर विचार किया गया है। न्यूनतम से कम सजा देने की स्थिति में न्यायालय को विशेष आधारों का भी उल्लेख करना चाहिए था, किन्तु किसी भी मामले में किसी विशेष आधार को दृष्टिगत रखते हुए न्यूनतम दण्ड नहीं दिया गया।

7. अपंग, पागल तथा अल्प वयस्क बालिका के साथ बलात्कार

क्रमांक 22- अभियुक्त द्वारा 15 वर्ष से कम आयु की अपंग, पागल व अल्प वयस्क बालिका के साथ सायंकाल 5.30 बजे बगीचे में बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को मात्र 4 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। न्यायालय द्वारा न्यूनतम से कम दण्ड देने का कोई आधार नहीं दर्शाया गया है।

क्रमांक 14- अभियुक्त द्वारा 16 वर्षीय पागल, गूँगी, बहरी लड़की की मजबूरी का फायदा उठाकर सायंकाल 7.00 बजे बाग में बलात्कार किया गया। अभियुक्त को मात्र तीन वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड दिया गया। इस दण्ड को आरोपित करते समय न्यायालय द्वारा किसी विशेष आधार को विचार में नहीं लिया गया, अपितु इस आधार पर न्यूनतम से कम दण्ड दिया गया कि अभियोक्त्री गूँगी, बहरी और पागल होने के कारण अकेले इधर-उधर घूमा करती थी एवं इसी का फायदा उठाकर अभियुक्त ने बलात्कार किया।

This was a ground for enhancing the sentence but court has reduced it by wrongly giving its benefit to accused.

(viii)Gang Rape

Sec. 376(2)(g) I.P.C. provides that if a woman is gang raped than accused shall be punished with rigorous imprisonment for a term which shall not be less than ten years but which may be for life and shall also be liable to fine. Explanation 1 of Sec. 376(2) I.P.C. provides that "Where a woman is raped by one or more in a group of persons acting in furtherance of their common intention, each of the persons shall be deemed to have committed gang rape."

Proviso to Section 376(2) I.P.C. provides that the court may, for adequate and special reasons to be mentioned in the judgment, impose a sentence of imprisonment of either description for a term of less than 10 years.

Now, we have to scrutinize the cases, keeping in view the above noted provisions, as to whether the legal provisions has been followed by the courts at the time of awarding the sentence.

Serial No.36 - Two accused persons detained the victim in wrongful confinement with the help of another woman accused and gang raped the victim with five other unknown persons. Court found the accused guilty of gang rape but sentenced them to a rigorous imprisonment for 6 years only. No reason was mentioned by the court for imposing a sentence of less than 10 years. No fine was imposed upon the accused.

Serial No.67 - Two persons raped a girl aged about 17 - 18 years. Court hold them guilty of gang rape and sentenced to a rigorous imprisonment of 10 years each but no fine was imposed.

उक्त कारण एक ऐसा आधार था, जिसके द्वारा सजा की मात्रा बढ़ सकती थी, परन्तु उसे गलत तौर से प्रयोग कर न्यूनतम से कम दण्ड अधिरोपित किया गया।

(8) कई व्यक्तियों द्वारा बलात्कार

धारा 376(2)(जी) भा0दं0सं0 के अनुसार, यदि किसी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया जाता है तो अभियुक्त को कम से कम 10 वर्ष व अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का दण्ड दिया जायेगा तथा उसको अर्थदण्ड की सजा भी दी जायगी। स्पष्टीकरण-1 के अनुसार, यदि एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा अपने सामान्य आशय की पूर्ति में समूह बनाकर किसी महिला के साथ बलात्कार किया जाता है तो प्रत्येक व्यक्ति द्वारा सामूहिक बलात्कार किया जाना माना जायगा।

धारा 376(2), भा0दं0सं0 के प्रावधान के अनुसार विशेष व उचित कारणों का उल्लेख करते हुए न्यायालय अभियुक्त को 10 वर्ष से कम की सजा भी दे सकता है।

उल्लिखित प्रावधान को दृष्टिगत रखते हुए अब यह मीमान्सा भी की जानी है कि विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त निर्णयों में क्या इस प्रकार के मामलों में दण्डादेश पारित किये जाते समय ये सिद्धान्त अपनाये गये हैं अथवा नहीं।

क्रमांक 36- दो अभियुक्तों ने एक तीसरी महिला अभियुक्त की सहायता से अभियोक्त्री को अवैधानिक अभिरक्षा में रखा और अन्य पाँच अज्ञात व्यक्तियों के साथ, अभियोक्त्री से सामूहिक बलात्कार किया।

न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को इस सामूहिक बलात्कार का दोषी मानते हुए दण्डित किया गया। किन्तु मात्र 6 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया। न्यूनतम 10 वर्ष के सश्रम कारावास का दण्ड न देने का कोई आधार अंकित नहीं किया गया, साथ ही कोई अर्थ दण्ड भी नहीं लगाया गया।

क्रमांक 67- दो अभियुक्तों ने 16 से 18 वर्ष के मध्य की आयु की युवती के साथ बलात्कार किया। इन दो ही व्यक्तियों को न्यायालय द्वारा सामूहिक बलात्कार की परिभाषा के अन्तर्गत दोषी मानते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास का दण्ड दिया गया, परन्तु अर्थदण्ड की सजा नहीं दी गई।

Serial No.69: Four accused presons gang raped a womenat gun point in presence of her husband, brother-in-law and other relative. Court found them quilty of gang rape and sentenced them to undergo rigorous imprisonment for 10 years and pay a fine of Rs.5000/- each. Compensation of Rs.10,000/- was awarded to victim out of the amount of fine deposited by accused.

Serial No.24: Three persons gang raped a married women. They were sentenced to rigorous imprisonment for 4 years each on the ground of them being the members of one family. No order for payment of fine was passed.Ground shown was not sufficient to reduce the sentence.

Serial No.71: 5 persons including three policemen gang raped the victim. Each of them was sentenced to undergo a rigorous imprisonment for 10 years and pay a fine of Rs.1,000/-. No reason was expressed by the Court for not imposing a sentence more than the minimum prescribed by law.

Serial No.72: Accused alongwith two other persons gang raped the prosecutrix. He was convicted and sentenced to undergo rigorous imprisonment for 10 years on the ground that his old parents are dependent upon him. No fine was imposed.

Serial No.4: Three accused gang raped the prosecutrix in her house in night.They were found guilty of gang rape u/s. 376 I.P.C., but sentenced to under go rigorous imprisonment for 7 years and pay a fine of Rs.500/- only. No reason was mentioned by the Court for not awarding the minumum sentence of 10 years R.I. as provided by law.

क्रमांक 69- चार व्यक्तियों द्वारा एक महिला के साथ सामूहिक रूप से उसके पति, देवर व अन्य रिश्तेदारों की उपस्थिति में बन्दूक की नोक पर बलात्कार किया गया। न्यायालय द्वारा इस अपराध को सामूहिक बलात्कार का अपराध मानते हुए प्रत्येक अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थ दण्ड की सजा दी गई। अर्थ दण्ड की अदायगी के उपरान्त रु0 10,000/- पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति दिलायी गयी।

